**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to contract flyover near National Highway 30 near Khemnichak, Jaganpura and Ramakrishna nagar in Patliputra Parliamentary Constituency, Bihar.

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र) :** महोदया, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र की एक प्रमुख समस्या की तरफ माननीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी साहब का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । राष्ट्रीय मार्ग-30 जो मेरे संसदीय क्षेत्र के खेमनीचर, जगनपुरा, रामकृष्णा नगर और कई ऐसे मौहल्ले हैं, जिससे गुजरता है । आप सब लोगों को भी जाने का मौका मिलता होगा । आप तो उस तरफ जाती ही हैं । यह इलाका काफी घनी आबादी से बसा हुआ है । वहां पर कई संस्थान भी हैं । प्रतिष्ठित स्कूल भी वहां पर खुले हुए हैं । इन इलाकों में जाम की काफी समस्या है । आम तौर पर जब आप पटना से अपने संसदीय क्षेत्र जाती होंगी, मुजफ्फरपर या सीतामढ़ी या शिवहर, तब वहां भी आपको देखने का मौका मिलता होगा । वहां लगातार दो, तीन और चार घंटे जाम रहता है । इसके कारण मार्ग में ट्रैफिक बहुत धीमा रहता है । चूंकि यह सड़क दक्षिण पटना और कंकड़बाग के बीच से गुजरती है ।

**माननीय सभापति:** आप अपनी डिमांड बताएं ।

**श्री राम कृपाल यादव :** मैडम, यह बहुत अहम सवाल है । आपका थोड़ा को-ऑपरेशन चाहिए ।

**माननीय सभापति:** जी, जी । पर, ज्यादा नहीं ।

**श्री राम कृपाल यादव :** मैडम, जाम के कारण रोड क्रॉस करने में ट्रैफिक रुकता है और जाम लगता है ।

महोदया, आप देखती होंगी कि इसी सड़क पर कई बार लोगों की जानें जाती हैं, नौजवानों की जान जाती हैं, जिसके लिए माननीय मंत्री जी चिंतित रहते हैं । दोनों तरफ सर्विस लेन भी हैं, पर ये ठीक से बने हुए नहीं हैं । जो अण्डरपासेज बनाए गए हैं, वे त्रुटिपूर्ण हैं व कामयाब नहीं हैं । लो-लैंड होने के कारण बरसात के दिनों में अण्डरपासेज में पूरा पानी जमा हो जाता है, जिसके कारण रास्ता भी अवरुद्ध हो जाता है । इसलिए आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहेंगे कि राष्ट्रीय मार्ग - 30 के खेमनीचक, जगनपुरा और रामकृष्णा नगर के पास एक फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाए, जिससे जाम की समस्या खत्म हो सके, दुर्घटना कम हो सके और लोगों को राहत मिल सके ।

**माननीय सभापति:** माननीय सांसद जगदम्बिका पाल जी ।

बस दो-दो मिनट का समय लें, क्योंकि एक मिनट में अपनी बात कहने की बात कौन मानता है ।